'विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत०' (बृ० उ० ६ अ० ४ ब्रा० २१ वा) ।
'अनुविद्य विजानाति०' (छा० उ० ८ प्र० १२) ।
'ओमेवात्मानं ध्यायथ०' (मं० उ० २ खं० ६ वा) ।
'निचाय्य तं मृत्युमुखात्प्रमुच्यते' (कठोप० १ अ० ३ व० १५ वा) ।
आत्मानमेव लोकमुपासीत०' (बृ० उ० ३ अ० ४ ब्रा० १५) ।
[2]'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यश्च' (बृ० उ० ६ अ० ५ ब्रा० ६ वा) ।

१—जो एकमात्र रहने पर भी अनेक देहवाले हैं, अगुण होने पर भी सगुण हैं, नित्य रहने पर भी जन्म लिये हैं; इसप्रकार व्यवहार के विषय बनते हैं, उस भक्त के द्वारा ही अनुभूत सुन्दर तीनोंलोकों के उत्पादक कल्याणमय विष्णु की स्तुति करता हूँ ॥

२—आत्मा को देखो, सुनो, मनन करो और सतत ध्यान करो ।

'सोऽन्वेष्टव्यः स विजिज्ञासितव्यः' (छां० उ० ८ प्र० ७ खं० १ वा इत्यादि प्रमाण द्वारा) ।

यहाँ 'निदिध्यासितव्यः' के साथ सामानाधिकरण्य के निमित्त 'अनुविद्य' 'विजानाति' विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत' इत्यादि में ध्यानोपकारकत्वात् 'अनुविद्य' 'विज्ञाय' इसका अनुवाद कर 'प्रज्ञां कुर्वीत' इत्यादि पदों से ध्यान का ही विधान किया जाता है ।

तैलधारा के समान अविच्छिन्न स्मृतिसन्तान ही ध्यान है, वही ध्रुवानुस्मृति कहलाता है ।

'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः' इत्यादि प्रतिपादित निदिध्यासन को दर्शन तुल्यता के कारण ध्रुवानुस्मृति भी दर्शन समाकार ही है ।

अतएव,

[3]भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्व संशयाः ।
क्षीयन्ते चास्य पापानि तस्मिन् दृष्टे परावरे ।।
(मुं० उ० २ खं० ८ वा) ।

यहाँ दृष्टे का 'निदिध्यासिते' यही अर्थ है, अन्यथा 'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः०' इसके साथ एकवाक्यता नहीं होगी ।

'बोधायनवृत्ति' के पर्य्यालोचन से यह बात स्पष्ट हो जाती है । क्योंकि उसमें लिखा है—'वेदनमुपासनं स्यात्तद्विषये श्रवणात्' यह कहकर अन्त में 'सिद्धन्तूपासनशब्दात्' कहा गया है । इससे सिद्ध होता है कि असकृदावृत्त वेद ही मोक्ष साधन है । उसीका नाम उपासन और ध्रुवानुस्मृति है । और—

"नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो, न मेधया, न बहुना श्रुतेन । यमेवैष आत्मा विवृणुते तेन व लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम्"[4] (मुण्डकोपनिषद्) ।

३—उस परमात्मा के दर्शन से हृदय के बन्धन खुल जाते हैं, सभी सन्देह कट जाते हैं और पाप क्षीण हो जाते हैं ।

४—यह आत्मा न तो प्रवचन से मिलता है न बुद्धि से और न ही बहुत सुनने से । यह जिसे वरण करता है उसे ही मिलता है ।

इससे प्रियतम ही वरणीय होने के कारण प्रियतम परमेश्वर ही है और उनके वे ही प्रियतम हैं जो कि प्रेमपूर्वक उनका भजन करते हैं । देखिये,

[5]"तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रेमपूर्वकम् ।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते ॥
(गीता अ० ५ श्लोक १०) ।

अतः बिना परमेश्वर के उपासन से मोक्ष साधन होना असम्भव है । एवं रूप ध्रुवानुस्मृति ही भक्ति है, परम सुख का प्रधान कारण है ।

अतः सिद्ध हुआ कि कर्म, ज्ञान और उपासना इन तीनों में उपासना (भक्ति) ही प्रधान है, यतः बिना भक्ति के परमपदप्राप्ति कथमपि नहीं हो सकती है ।

'तमेव विदित्वातिमृत्युमेति' (श्वे० उ० ३ अ० ८ वा०) ।
[6]'तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय' ।
(पु० सू० मं० १७)

[7]"नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया ।
शक्य एवंविधो द्रष्टुं दृष्टवानसि मां यथा ॥
भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन ।
ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परंतप ! ॥
(गीता अ० ११ श्लो० ५३, ५४)

पुरुषः स परः पार्थ ! भक्त्यालभ्यस्त्वनन्यया ।
(गीता अ० ८ श्लोक २२)

५—जो हमेशा संलग्न रहकर प्रेमपूर्वक भजन करते हुए मुझ तक (श्रीकृष्ण तक) पहुँचते हैं उन्हीं को मैं ज्ञान देता हूँ ।

६—उस आत्मा को ही जानकर मृत्यु को जीतता है, मोक्ष का दूसरा उपाय नही है ।

७—मैं न तो वेद से, न तप से और न ही यज्ञ से इस प्रकार देखा जा सकता हूँ जैसे अभी मुझे देखे हो । मैं तो अनन्य भक्ति से ही ऐसा देखा, जाना और प्रवेश किया जा सकता हूँ ।

आगे चलकर फिर भी कहा गया है कि सत्त्व, रज, तम ये तीन गुण हैं, इन तीनों गुणों से तब ही पार हो सकेंगे जब कि भक्ति योग दृढ़ हो जायगा और उसके करने पर ही सायुज्य लाभ कर सकते हैं, अन्यथा नहीं -

मां च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते ।
स गुणान् समतीत्यैतान् ब्रह्मभूयाय कल्पते ।।

(गीता अ० १४ श्लोक २६)

यद्यपि 'ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः' इत्यादि प्रमाण से ज्ञान लाभ आवश्यक है, किन्तु अश्रद्धामल-प्रक्षालन रूप उपयोग को आगे करके ज्ञान भक्ति का सहायक बनता है, न कि बिना भक्ति ही ज्ञान लाभ होने पाता है। देखिये श्रीमद्भागवत—

श्रेयस्सृतिं भक्तिमुदस्य ते विभो !
क्लिश्यन्ति ये केवलबोधलब्धये ।
तेषामसौ क्लेशल एव शिष्यते
नान्यद्यथा स्थूलतुषावघातिनाम् ।।

(भा० स्कन्ध १० अ० १४ श्लोक ४)

अर्थ—जो साधक ज्ञान लाभ के लिए अनेक प्रकार के क्लेश करते हैं पर कल्याणदायक भक्तियोग का आश्रयण नहीं करते हैं उनका क्लेश व्यर्थ हो जाता है जैसे भूँसा कूटने से चावल नहीं निकलता और व्यर्थ क्लेश होता है।

भक्ति की प्रशंसा भगवान् कृष्ण ने स्वयं मुक्तकण्ठ से की है। देखिये गीता—

तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकः ।
कर्मिभ्यश्चाधिको योगी तस्माद् योगी भवार्जुन ! ।।
योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना ।
श्रद्धावान् भजते यो मां स मे युक्ततमो मतः ।।

(गीता अ० ६ श्लोक ४६, ४७)

अर्थात् तपस्वी, ज्ञानी और कर्मी इन तीनों से उत्तम है योगी, पर योगी से भी अधिक प्रिय वह है जो श्रद्धापूर्वक मेरा भजन करता है। पूर्वजन्मके पुण्यपुञ्ज से साधकों के हृदय में भक्ति-भावना दृढ़ता पाती है।

चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन!।

(गीता अ० ७ श्लोक १६)।

यही कारण है कि सबके हृदय में भक्ति नहीं बैठती।

और देखिये—

'त्रिसत्यस्य भक्तिरेव गरीयसी'। (ना० भ० सू० ८१)।

'सर्वोपायान् परित्यज्य भक्तिमाश्रय, भक्तिनिष्ठो भव, भक्त्या सर्वसिद्धयः सिद्ध्यन्ति भक्त्याऽसाध्यं न किञ्चिदस्ति'।

(त्रिपा० वि० ना० उ०)

वह भक्ति नव प्रकार की है---

यथा—

श्रवणं कीर्त्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्।
अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम्॥

(श्रीमद्भागवत स्कं० ७ अ० ५ श्लोक २२)

श्रवण १ कीर्त्तन २ स्मरण ३ पादसेवन ४ अर्चन ५ वन्दन ६ दास्य ७ सख्य ८ आत्मनिवेदन ९ इन नवो प्रकार की भक्तियों में श्रवण स्मरणादियों में परम्परा सम्बन्ध है पर भगवन्नाम कीर्त्तन में साक्षात् ही परमेश्वर के साथ सम्बन्ध है क्योंकि नाम-नामी (शब्द-अर्थ) में अभेद सम्बन्ध है।

प्रायः इसी तात्पर्य से विहार संस्कृत समिति ने इस वर्ष (सं० १९९३) के लिए कीर्त्तन-महिमा को ही लेख्य विषय रक्खा, परन्तु नाममाहात्म्य वर्णन में जब चतुरानन-पञ्चानन-सहस्रानन-गजानन और वाङ्मय विशारद नारद प्रभृति महामहिमाशाली भी परिपूर्णता दिखाने में असमर्थ हो गये तब अल्प-वयस्क विविध पापाक्रान्त स्वान्त आधुनिक मनुष्य किस गिनती में है?

तथापि कलुषित हृदय को निष्कल्मष एवं पवित्र करने के लिए उत्तम-श्लोक वर्णनातीत परमेश्वर के नाम-महिमा का कुछ वर्णन किया जा रहा है। मेरे इस साहस को विद्वान लोग अवश्य ही क्षमामञ्जूषा में छिपाने की उदारता दिखावेंगे।

किन्तु गर्व के साथ कहना पड़ता है, भगवन्नामोच्चारण जन्य पुण्य के भागी बनने से लेखक और पाठक को कोई भी हँटाने वाला नहीं है। देखिये—

शृण्वन् गृणन् संस्मरयँश्च चिन्तयन्
नामानि रूपाणि च मङ्गलानि ते।
क्रियासु यस्त्वच्चरणारविन्दयो-
राविष्टचेता न भवाय कल्पते॥

(श्रीमद्भागवत १ स्कं० २ अ० ३७ श्लोक)

अर्थात् अपने-अपने लौकिक काम करते हुए भी हृदय से भगवान के नामोच्चारण, संस्मरण, चिन्तनादियों में अन्यतम के भी विधान से पुनर्जन्म नहीं होने पाता है।

इससे यह नहीं समझा जा सकता है कि हरिनाम जपते या गाते जो कोई पाप करे वे सब नष्ट हो जायेंगे क्योंकि स्मृतिकारों ने तत्तत्पाप विषय में प्रायश्चित्त के बहुत विधान दिखाये हैं, वे व्यर्थ हो जायेंगे। यथा—

पापे गुरुणि गुरूणि लघूनि च लघून्यपि।
प्रायश्चित्तानि मैत्रेय! जगुः स्वायम्भुवादयः॥

(विष्णु पुराण अं० २ अ० ६ श्लोक ३२)

यन्नामकीर्त्तनं भक्त्या विलायनमनुत्तमम्।
मैत्रेयाशेषपापानां धातूनामिव पावकः॥

(विष्णु पुराण ६ अं० ६ अ० ९२ श्लोक)

हाँ अल्प पाप अवश्य खण्डित होता है। फिर भी जहाँ पर विशेष माहात्म्य बतलाया गया है, वस्तुतः उसका सातत्यपर तात्पर्य निहित है।

यथा—

तस्मादहर्निशं विष्णुं संस्मरन् पुरुषो मुने।
न याति नरकं शुद्धः संक्षीणाखिलकल्मषः॥

(विष्णु पुराण २ अं० ६ अ० २८ श्लोक)

यों तो नामोच्चारण विषय में पुराणों में बहुत बड़ी प्रशंसा की गयी है।
यथा—

[1]मधुरमधुरमेतन्मङ्गलं मङ्गलानां
सकलनिगमवल्लीसत्फलं चित्स्वरूपम्।
सकृदपि परिगीतं श्रद्धया हेलया वा
स भवति भवपारं रामनामानुभावात्॥

(श्रीमद्भा० —)

[2]कृते पापेऽनुतापो वै यस्य पुंसः प्रजायते।
प्रायश्चितं तु तस्यैकं हरिसंस्मरणं परम्॥

(विष्णु पुराण २ अं० ६ अ५ २६ श्लोक)

[3]अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक्।
साधुरेव स मन्तव्यः सम्यग् व्यवसितो हि सः॥
क्षिप्रं भवति धर्मात्मा शश्वच्छान्ति निगच्छति।
कौन्तेय! प्रतिजानीहि न मे भक्तः प्रणश्यति॥

(गीता अ० २)

१—इस मधुरमय, मङ्गलों का भी मंगल, सकल शास्त्र रूपी लता का फल, ज्ञानस्वरूप रामनाम एकबार भी लेने से संसार को पार किया जा सकता है।

२—जो प्राणी पाप करके पश्चात्ताप करता है उसके लिये एक मात्र प्रायश्चित्त हरि स्मरण ही है।

३—दुराचारी भी यदि मुझे अनन्यभाव से भजता है तो उसे साधु ही मानना चाहिए।

[४]नारका: कृष्ण कृष्णेति नारसिंहेति चुक्रुशुः ।
इतिसंकीर्त्तितो विष्णुर्नारकैर्भक्तिपूर्वकम् ॥
नारक्यो यातनाः सर्वास्तेषां नष्टं महात्मनाम् ।
(नृसिंह पुराण ८ अ० २८, २९ श्लोक)

[५]किंकरा दण्डपाशौ वा न यमोन च यातनाः ।
समर्थास्तस्य यस्यात्मा केशवालम्बनः सदा ॥
चक्रायुधस्य नामानि सदा सर्वत्र कीर्त्तयेत् ।
नाशौचं विद्यते तस्य स पवित्रकरो यतः ॥
(विष्णु पुराण ३ अं० ७ अ० ३४, ३५ श्लोक)

इत्यादि वचनजात का यही भाव है कि पापी भी यदि तत्त्वज्ञानी होकर हृदय से तन्मयतापूर्वक संसार की असारता समझते हुए हरिभजन करें तो वे अवश्य निष्पाप बनकर मुक्ति पावेंगे ।

यहाँ कीर्त्तन शब्द से नामोच्चारण मात्र विवक्षित है न कि प्रथमान्तादि ही पद हों और परमेश्वर के कोई भी नाम हो जैसे कृष्ण, मुरारि, नारायण, राम, शिव इत्यादि, इन सबों में 'ओम्' प्रधान नाम है । जैसे—

[६]"क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः"
"तस्य वाचकः प्रणवः"
"तज्जपस्तदर्थभावनम्"

४—नरक में पड़े जीवों ने कृष्ण-कृष्ण एवं नरसिंह-नरसिंह पुकरा इस प्रकार भक्तिपूर्वक उनसे कीर्त्तन किये जाने पर उनकी नारकीय यतानयें दूर हो गयीं ।

५—जिसके आत्मा में विष्णु का नाम विराजता है, उसे यमराजादि का डर नहीं है । विष्णु के नाम सभी जगह एवं हर समय लेना चाहिए इसमें अशुचि अवस्था बाधक नहीं होती है ।

६—दुःख एवं कर्म के फल आदि से अस्पृष्ट पुरुष ही ईश्वर है ।
उसका वाचक शब्द प्रणव (ओंकार) है ।
उसका जप करना उसके अर्थ की भावना है ।

"ततः प्रत्यक् चेतनाधिगमोऽप्यन्तरायाभावश्च"

(योगदर्शन १ पा० २६, २७, २८, २९ सू०)

७ 'ओमित्येतदक्षरᵘ सर्वं तस्योपव्याख्यानं भूतं भवद्भविष्य-
दिति सर्वमोङ्कार एब यच्चान्यत्त्रिकालातीतं तदप्योङ्कार एव"

(मां० उ० १ वा०)

१"प्रणवो धनुः शरो ह्यात्मा ब्रह्म तल्लक्षणं स्मृतम् ।
अप्रमत्तेन वेद्धव्यो शरवत्तन्मयो भवेत् ॥"

(मुं उ० २ खं० ४ मं०)

२ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन् ।
यः प्रयाति त्यजन्देहं स याति परमाङ्गतिम् ॥

(गीता ८ अ० १३ श्लोक)

३ओङ्कारवाच्यस्त्वं राम वाचामविषयः पुमान् ।
वाच्यवाचकभेदेन भवानेव जगन्मयः ॥

(अध्यात्म रामायण)

४"सर्वे देवा यत्पदमामनन्ति तपाᵘसि सर्वाणि च यद्वदन्ति" ।

इससे आन्तरिक चेतना की प्राप्ति एवं विघ्न का अभाव होता है ।

७— ओम्' यह अक्षर ही सबकुछ है, उसका उपाख्यान भूत, वर्त्तमान एवं भविष्य है, सभी ओङ्कार ही है और यह जो कालक्षय से परे है वह भी वही है ।

१ – प्रणव (ओम्) धनुष है, आत्मा शर है और उसका लक्षण ब्रह्म है, अप्रमत्त होकर बेधना चाहिए, शर के समान तन्मय हो जाना चाहिए :

२— 'ओम्' इस एक अक्षरस्वरूप ब्रह्म को कहते हुए मेरे चिन्तन करते हुए जो देहत्याग करता है वह परम गति को पाता है ।

३— हे राम ! तुम ओम्' का वाच्य (अर्थ) हो वाणी के अविषय पुरुष हो। वाच्य और वाचक के भेद से तुम ही संसारस्वरूप हो ।।

४— सभी देवता जिस पद का चिन्तन करते हैं और जिसे सम्पूर्ण तपःस्वरूप बतलाते हैं ।

"यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति तत्ते पदं संग्रहेण ब्रवीम्योमित्येतत"।

"एतद्ध्येवाक्षरं ब्रह्म एतदेवाक्षरं परम् ।
एतदेवाक्षरं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत् ।।"

'एतदालम्बनं श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम् ।
एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयते ।।"

(कठोपनिषद् २ अ० २ वल्ली १४, १५, १६, १७ वा०)

"ओमिति ब्रह्म" 'ओमितीदं सर्वम्" ।

(तैत्तिरीय उपनिषद् ८ अ०)

[५]"यो वा एतदक्षरं गार्ग्यविदित्वास्माल्लोकात्प्रैति स कृपणोऽथ य एतदक्षरं गार्गि विदित्वास्माल्लोकात्प्रैति स ब्राह्मण इति ।"

(बृहदारण्यक उपनिषद् ८ ब्रा० १० मं०)

[६]"ओमित्येवं ध्यायथ आत्मानं स्वस्ति वः, पाराय तमसः परस्तात्"

(मु० उ० २ खं० ६ वा०)

इत्यादि प्रमाण से ओंशब्दोच्चारण से अधिक पुण्य रहने पर भी स्त्रियों और शूद्रों को ओङ्कार का उच्चारण करना धर्म विरुद्ध है । क्योंकि—

'न स्त्रीशूद्रौ वेदमधीयाताम्' महर्षि स्मृतकारों का सिद्धान्त है ।

जिसे चाहते हुए ब्रह्मचर्य पालन करते हैं, उसी पदको यत्नपूर्वक तुम से कहता हूँ—वह 'ओम्' ही है ।

यही अक्षर ब्रह्म है, यही परम अविनाशी है, इसीको जानकर जो जैसा चाहता है उसे वही मिलता है ।

यही श्रेष्ठ आलम्बन (आश्रयणीय) है, यही परम आलम्बन है, इस आलम्बन को जानकर ब्रह्मलोक पा सकते हैं ।

५—हे गार्गी ! जो इस अक्षर को न जानकर इस लोक से परलोक जाता है वह कृपण होता है और हे गार्गी ! जो इसे जानकर परलोक जाता है वह ब्राह्मण होता है ।

६—'ओम्' ऐसा आत्मा का ध्यान करें, आपका कल्याण होगा, आप परम अन्धकार से पार हो सकेंगे ।

इसलिए द्विजाति (ब्राह्मण, क्षत्रिय, और वैश्य) ही इसके उच्चारण के अधिकारी हैं। इसके अतिरिक्त नाम जैसे—राम, कृष्ण, काली, श्यामा आदि जपने और गाने में स्त्री, शूद्र, अन्त्यज, पशुपक्षि प्रभृति सकल प्राणियों को समान अधिकार है।

और यथासमय नामकीर्त्तन अवश्य करना चाहिये—क्योंकि नाम—कीर्त्तन से ऐहिक तथा पारलौकिक दोनों फल की प्राप्ति होती है। यथा—

[७]द्वापरान्ते नारदो ब्रह्माणं जगाम, 'कथं भगवन् गां पर्यटन् कलिं सन्तरेयमिति'। स होवाच ब्रह्मा 'साधु पृष्टोऽस्मि सर्वश्रुतिरहस्यं गोप्यं च, तच्छृणु येन कलिसंसारं तरिष्यसि, भगवत आदिपुरुषस्य नामोच्चारणमात्रेण निर्धूतकलिर्भवति'। नारदः पुनः पप्रच्छ, 'तन्नाम किमिति,। स होवाच हिरण्यगर्भः—

> "हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।
> हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे॥"
> इतिषोडशकं नाम्नां कलिकल्मषनाशनम्।
> नातः परतरोपायः सर्ववेदेषु दृश्यते॥

[८]"इतिषोडशकलस्य जीवस्यावरणविनाशकम्। ततः प्रकाशते परं ब्रह्म मेघापाये रविरश्मिमण्डलीव"। पुनः नारदः पप्रच्छ 'कोऽस्य विधिरिति। 'सर्वदा

७—द्वापर युग के अन्त में नारद ब्रह्मा के पास गये और बोले—'हे भगवन् पृथ्वी पर रहते हुए कलियुग को कैसे पार कर सकेंगे'। ब्रह्मा ने कहा—'सही प्रश्न किये हो, यह सकल वेदों का रहस्य और गोपनीय है। उसे सुनो जिससे कलियुगके संसार का पार करोगे। भगवान् आदिपुरुष के नामोच्चारणमात्र से कलि का दोष दूर होता है'। नारद फिर पूछ बैठे—'वह नाम कौन सा है'। ब्रह्मा बोले—हरेराम .... आदि सोलह नाम कलिके पापों के नाशक हैं। इससे बढ़कर सभी वेदों में कोई दूसरा उपाय नहीं है।

८—'यह षोडशाक्षरमन्त्र जीवके अज्ञान को नाश करनेवाला है। तब पारब्रह्म प्रकाशित होता है जैसे मेघ के हटने पर सूर्यमण्डल चमकता है'। फिर नारद

शुचिरशुचिर्वा पठन् ब्रह्मणः सलोकतां समीपतां सायुज्यतां सरूपतामेति । यदास्य षोडशीकस्य सार्द्ध त्रिकोटीर्जपति ब्रह्महत्यां तरति, वीरहत्यां तरति, सुवर्णस्तेयात्पूतो भवति, पितृदेवमनुष्याणामपकारात्पूतो भवति, सर्वधर्मपरित्यागात् सद्यः शुचितामाप्नुयात्, सद्यो मुच्यते, सद्यो मुच्यते इत्युपनिषत् ।

(कलिसन्तरणोपनिषत्)

१रामेति द्व्यक्षरजपः सर्वपापानोदकः ।
गच्छंस्तिष्ठन् शयानो वा मनुजो रामकीर्तनात् ॥
इह निर्वृतिमायाति प्रान्ते हरिगणो भवेत् ।
रामेति द्व्यक्षरो मन्त्रो मन्त्रकोटिशताधिकः ॥
सर्वासां प्रकृतीनां च कथितः पापनाशनः ।
न रामादधिकं किञ्चित् पठनं जगतीतले ॥
रामनामाश्रया ये वै न तेषां यमयातना ।
सर्वतीर्थफलप्रोक्तो विप्राणामपि कामदः ॥

ने पूछा—'इसका क्या विधान है'? ब्रह्मा बोले—'सतत पढ़ते हुए पवित्र या अपवित्र व्यक्ति भी ब्रह्मके लोक, समीप, अतिसन्निविष्ट एवं सरूपता को प्राप्त करता है। जब इस सोलहनामवाले मन्त्र (हरेराम ... ...) को साढ़े तीन कड़ोर जप लेता है तो ब्रह्महत्या एवं वीरहत्या से मुक्त होता है, स्वर्ण चुराने के पापसे मुक्त होकर पवित्र होता है, पितृ देव एवं मनुष्यके अपकाररूप पाप से मुक्त होकर पूत होता है सकल धर्मके त्यागरूप पापसे सद्यः पूत होता है, तत्क्षण मुक्त हो जाता है, यह उपनिषद् का निष्कर्ष है ।

१—'राम' यह जो दो अक्षर का जप है वह सभी पापों को दूर करने वाला है। चलता हुआ, बैठा हुआ, सोयाहुआ भी मनुष्य राम नामके कीर्त्तन से इसलोक में आनन्द पाता है औरअन्तमे विष्णु का गण बनता है ।

'राम' यह दो अक्षर का मन्त्र करोड़ों मन्त्र से बढ़कर है, सभी प्रकृतियों के पापको नाश करनेवाला कहा गया है । 'राम' से बढ़कर इस संसार मे कोई पाठ ही नही है, जो इसके आश्रित हैं उन्हे यमराज

रामचन्द्रेति रामेति रामेति समुदाहृतः ।
देवा अपि प्रगायन्ति रामनामगुणाकरम् ।।
तस्मात्त्वमपि देवेशि रामनाम सदा वद ।
रामनाम जपेद्यो वै मुच्यते सर्वकिल्विषैः ।।
(स्कन्दपुराण अ० २४)

[10]अयं हि कृतनिर्वेशो जन्मकोट्यंहसामपि ।
यद्व्याजहार विवशो नामस्वस्त्ययनं हरेः ।।
एतेनैव ह्यघोनोऽस्य कृतं स्यादघनिष्कृतम् ।
यदा नारायणायेति जगाद चतुरक्षरम् ।।
सर्वेषामप्यघवतामिदमेव सुनिष्कृतम् ।
नामव्याहरणं विष्णोर्यतस्तद्विषया मतिः ।।
(श्रीमद्भागवत स्कं० ६ अ० २ श्लोक ७, ८, १०)

[11]यन्नो भयं ग्रहेभ्योऽभूत् केतुभ्यो नृभ्य एव च ।
सरीसृपेभ्यो दंष्ट्रिभ्यो भूतेभ्योंहोभ्य एव वा ।।

का कष्ट नहीं है । यह सभी तीर्थों के फल को देनेवाला है, ब्राह्मणों के भी कामप्रद है । यह 'रामचन्द्र, राम, राम' इसी रूप में प्रसिद्ध है । रामनामके गुणों को देवता भी गाते हैं । इसीलिये हे दवों के ईश्वरी ! तुम भी इसका जप हमेशा करो, रामनाम के जप से कोई भी सभी पापों से मुक्त हो जाता है ।

१०—जो प्राणी कोटिजन्मों के पापों से घिरे रहकर विवशतावश भी हरि के नाम का कीर्त्तन किया उसके पाप का इसीसे सफाया हो जाता है । जब 'नारायण' इस चार अक्षर को बोलता है तो सभी पापियों के पाप दूर हो जाते हैं । क्योंकि ज्यों ही बिष्णु के नामका उच्चारण होता है कि तुरत तद्विषयक बुद्धि हो जाती है ।

११—हमें सूर्य आदि ग्रहों केतुओं (पुच्छल तारों), मनुष्यों सर्पों, तीक्ष्ण दांतवालों, भूतों और पापियों से जो भय हो, ये सभी भगवान के

सर्वाण्येतानि भगवन्नामरूपास्त्रकीर्तनात् ।
प्रयान्तु संक्षयं सद्यो ये नश्श्रेयः प्रतीपगाः ॥
(श्रीमद्भागवत स्कं० ६ अ० ८ श्लोक २७, २८)

[१२]अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा ।
यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः ॥
(सदाचार०)

[१३]कीटः पेशस्कृतो रुद्धः कुड्यायां तमनुस्मरन् ।
संरम्भभययोगेन विन्दते तत्सरूपताम् ॥
एवं कृष्णे भगवति मायामनुज ईश्वरे ।
वैरेण पूतपाप्मानस्तमीयुरनुचिन्तया ॥
कामाद् द्वेषाद् भयात् स्नेहाद्यथा भक्त्येश्वरे मनः ।
आवेश्य तदघं हित्वा बहवस्तद्गतिं गताः ॥
(श्रीमद्भागवत स्कं० ७ अ० १ श्लोक २७, २८, २९)

[१४]विषयान्ध्यायतश्चित्तं विषयेषु विषज्जते ।
मामनुस्मरतश्चित्तं मय्येव प्रविलीयते ॥
(श्रीमद्भागवत स्कं० ११ अ० १४ श्लोक ५४)

नाम रूप, अस्त्र आदि के कीर्तन से तत्क्षण नष्ट हो जायँ तथा जो हमारे कल्याणके बाधक हों वे भी समाप्त हो जायँ ।

१२—जो विष्णु का स्मरण करता है वह चाहे अपवित्र हो या पवित्र, सभी अवस्थाओं को भी क्यों न प्राप्त हो जाय, किन्तु वह भीतर और बाहर से शुद्ध है ।

१३—कीड़ा दिवाल में दबाकर रुकने पर उनके (विष्णुके) स्मरण करता हुआ, व्याकुलता एवं भय रहने पर भी ईश्वर के स्वरूप को पाता है । इस प्रकार मायासे मनुष्य बनने वाले ईश्वर भगवान् कृष्ण के विषय में वैर-भाव से भी उनकी चिन्तन करने वाले दुष्ट पापों से रहित पवित्र हो गये। अतः कामसे, द्वेषसे, भयसे या स्नेह से जिस तरह भक्ति पूर्वक ईश्वर में मन लगाकर अपने पापों को नष्टकर बहुतों ने सद्गति पा ली ।

१४—विषयों का ध्यान करने से चित्त विषय में ही लगता है और मेरे स्मरण करने वालों का चित्त मुझमे ही विलीन हो जाता है ।

[१५]नामसंकीर्त्तनं यस्य सर्वपापप्रणाशनम् ।
प्रणामो दुःखशमनस्तं नमामि हरिं परम् ॥
(श्रीमद्भागवत स्कं० १२ अ० १३ श्लोक १४)

यद्यपि पूजादि यज्ञादि भी भव-बन्धनमोचक है । कितने ही उदाहरण मिलते हैं कि जप या पूजादि ही से कितने ऋषि परमपद को पा चुके हैं, परन्तु कलियुग के लिए नहीं । इस युग में तो भगवन्नामकीर्त्तन को छोड़कर दूसरे उपाय से मोक्ष-साधन नहीं हो सकता है । कारण कि सब प्राणियों के इन्द्रिय वर्ग परम चञ्चल है, विशेषतः मन अति अस्थिर इन्द्रिय है, इसलिए ध्यानादि से मोक्षलाभ असम्भव है ।

महर्षियों ने कहा है कि सत्य युग में ध्यान से, त्रेता और द्वापर में यज्ञ से जो फल मिलता है वह फल कलियुग में केवल कीर्त्तन करने से मिल जाता है ।

ध्यायन् कृते, यजन् यज्ञं त्रेतायां द्वापरे तथा ।
यदाप्नोति तदाप्नोति कलौ संकीर्त्य केशवम् ॥
(ब्र० पु० अ० ९७ श्लोक १६६)

मन दूसरी ओर लगे रहने पर भी किसी तरह देवता वाचक शब्द का उच्चारण होने पर अवश्य ही पुण्य होता है अनिच्छा से भी अग्नि के स्पर्श से दाह्य पदार्थ क्या नहीं जलता है ? अतः कलियुग में नाम कीर्त्तन से बढ़कर सद्यः पुण्य देनेवाला दूसरा कोई उपाय नहीं है ।

[१६]हरेर्नामैव नामैव नामैव मम जीवनम् ।
कलौ नास्त्येव नास्त्येव नास्त्येव गतिरन्यथा ॥
(महाभारत)

१५—जिसके नाम का कीर्त्तन सभी पापों का नाशक है, प्रणाम दुःख दूर करने वला है उस परमात्मा हरि को प्रणाम करता हूँ ।

१६—हरि का नाम ही मेरा जीवन है । कलियुग में दूसरा कोई शरण ही नहीं है ।

१७अवशेनापि यन्नाम्नि कीर्त्तिते सर्वपातकैः ।
पुमान् विमुच्यते सद्यः सिंहत्रस्तैर्मृगैरिव ॥
(विष्णु पुराण)

१८हरिर्हरति पापानि दुष्टचित्तैरपि स्मृतः ।
अनिच्छयापि संस्पृष्टो दहत्येव हि पावकः ॥
(वृहन्नारदीय पुराण)

यत्र तत्र स्थितो वापि कृष्ण कृष्णेति कीर्तयेत् ।
सर्वपापविशुद्धात्मा स गच्छेत्परमा गतिम् ॥ (पद्मपुराण)

पापानलस्य दीप्तस्य मा कुर्वन्तु भयं नराः ।
गोविन्दनाममेघोत्थैर्नश्यते नीरबिन्दुभिः ॥
(गरुड पुराण)

श्रद्धया हेलया वाऽपि रटन्ति मम जन्तवः ।
तेषां नाम सदा पार्थ ! वर्तते हृदये मम ॥
(अग्नि पुराण)

गोविन्देति तथा प्रोक्तं भक्त्या वा भक्तिवर्जितः ।
दहते सर्वपापानि युगान्ताग्निरिवोत्थितः ॥
(स्कन्द पुराण)

१७—विवश होकर भी जिसके नाम के कीर्त्तन करने पर मनुष्य सभी पापों से मुक्त होता है। जैसे सिंह के डर से हरिण भागता है वैसे ही नामके डर से पाप भागता है।

१८ हरि दुष्टों के द्वारा स्मरण किये जाने पर भी पाप को हर लेते हैं, यथा अनिच्छापूर्वक स्पर्श करने पर भी अग्नि जलाता ही है।

जहाँ कहीं भी रहकर कृष्ण का कीर्तन करे, वह सभी पापों से विशुद्ध होकर परम गति को प्राप्त करता है।

प्रज्ज्वलित पापरूपी अग्नि का भय मत करें क्योंकि गोविन्द नाम के मेघ से गिरे जलबिन्दुओं से वे तुरत बुझ जायेंगे।

नाम कीर्त्तन के विषय में तुलसीदास प्रभृति महामहिम शालियों के कतिपय पद्य प्रदर्शित किये जाते हैं—

जान आदिकवि नाम प्रतापू । भएउ शुद्धकरि उलटा जापू ।

वर्षाऋतु रघुपति भगति तुलसी शालि सुदास ।
रामनाम वर वरन युग सावन भादों मास ॥

रामनाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।
तुलसी भीतर बाहिरहु, जो चाहसि उजियार ॥

राम सप्रेम जपत अनयासा । भगत होंहि मुद मंगल वासा ।
राम एक तापसतिय तारी । नाम कोटि खल कुमति सुधारी ॥

सबरी गीध सुसेवकनि, सुगति दीन्ह रघुनाथ ।
नाम उधारे अमित खल, वेद विदित गुनगाथ ॥

नारद जानेउ नाम प्रतापू । जगप्रिय हरि हरिहर प्रिय आपू ।
नाम जपत प्रभु कीन्ह प्रसादू । भगति शिरोमणि भे प्रह्लादू ॥
ध्रुव सगलानि जपेउ हरिनाऊ । पायेउ अचल अनूपम ठाँऊ ।
सुमिरि पवनसुत पावननामू । अपने वस करि राखेउ रामू ॥

(रामचरितमानस)

रामनाम जपु राति दिन, गुरुमुख हरिधनु जान ।
सब सुख हरिरस भोगते, सन्त सभी मिलि ज्ञान ॥
'नानक' मन समुझाइये, गुरु के सबदि सलाह ।
रामनाम रति आभरुन, भरमूरति कर नाह ॥

(गुरुनानक)

तजि अभिमान लेहु मन मोलि । रामनाम हिरदय मह तोलि ।
अब कहु राम भरोसा तोरा । तब काहू का कौन भरोसा ॥

श्रद्धा से या अवहेलना से जो जन्तु मेरे नाम रटते हैं, उनका नाम मेरे हृदय में हे पार्थ ! सदा विराजता है ।

भक्ति से या अभक्ति से गोविन्द नाम का उच्चारण कर लेने से सभी पापों को वह जला देता है जैसे युगों के अन्त मे प्रलयाग्नि जलता है ।

कहै कबीर जो खोजहु जहाना । राम समान न देखहु आना ।

(कबीरदास)

भगवन्नाम-विषय में संस्कृत के महाकवियों के कतिपय उत्कृष्ट पद्य प्रदर्शित किये जाते हैं—

(१)

चेतो दर्पणमार्जनं भवमहादावाग्निनिर्वापणं
श्रेयः कैरवचन्द्रिकावितरणं विद्यावधूजीवनम् ।
आनन्दाम्बुधिवर्द्धनं प्रतिपदं पूर्णामृतास्वादनं
सर्वात्मस्नपनं परं विजयते श्रीकृष्णसङ्कीर्तनम् ॥

अर्थ—हृदय रूप दर्पण को साफ करनेवाला, संसार रूप वनाग्नि को बुतानेवाला, कल्याण रूप कुमुद को चान्दनी देनेवाला, विद्या रूप नारी को जिलाने वाला, आनन्द समुद्र को बढ़ानेवाला, जिसका आस्वादन पूर्ण पीयूष के समान है और सम्पूर्ण आत्मा का स्नपन करानेवाला, श्रीकृष्ण नाम का कीर्तन सर्वोत्कृष्ट है ।

(२)

हरेर्नाम्नश्च या शक्तिः पापनिर्हरणे द्विज ।
तावत्कर्तुं समर्थो न पातकं पातकी जनः ॥

अर्थ—पाप को हटाने में परमेश्वर के नाम की जितनी सामर्थ्य है पापी उतने पाप नहीं कर सकते हैं ।

(३)

कीर्त्तनादेव कृष्णस्य विष्णोरमिततेजसः ।
दुरितानि विलीयन्ते तमांसीव दिनोदये ॥

अर्थ—अत्यन्त शक्तिशाली कृष्ण के कीर्त्तन से दिन में अन्धकार की तरह सकल पाप विलीन हो जाते हैं ।

(४)

कलिकालभुजङ्गस्य तीक्ष्णदंष्ट्रस्य किं भयम् ।
श्रीकृष्णनामदारूत्थवह्निदग्धः स नश्यति ॥

अर्थ—तीक्ष्ण दाँत वाला कलियुग रूप सर्प का क्या भय ? क्योंकि कृष्ण नाम रूप काष्ठ से उत्पन्न अग्नि से वह नष्ट हो जाता है।

(५)

मृद्वीका रसिता सिता समशिता स्फीतं निपीतं पयः
स्वर्यातेन सुधाप्यधायि कतिधा रम्भाधरः खण्डितः।
सत्यं ब्रूहि मदीयजीव ! भवता भूयो भवे भ्राम्यता
कृष्णेत्यक्षरयोरयं मधुरिमोद्गारः क्वचिल्लक्षितः ?॥

अर्थ—हे मदीय जीव ! आपने अंगूर का रसास्वाद किया, मिसरी खायी, मधुर दुग्ध का पान किया, स्वर्ग जाने पर अमृत भी पीया और अनेक बार रम्भा वेश्या के अधर को खण्डित किया। सत्य कहो संसार में भ्रमण करते हुए तुमने कृष्ण इन दोनों अक्षरों की इस मधुरता का उद्गार कहीं पाया है ?

(६)

रामेति द्व्यक्षरं नाम मानभङ्गः पिनाकिनः।
शौर्यभङ्गो रावणस्य मदभङ्गश्च बालिनः॥

अर्थ—राम यह दो अक्षर वाला नाम पिनाक धारण किये हुए महादेव के मान, रावण की वीरता और बालि के गर्व को चूर्ण करने वाला है।

(७)

सकृदुच्चरितं येन हरिरित्यक्षरद्वयम्।
बद्धः परिकरस्तेन मोक्षाय गमनं प्रति॥

अर्थ—जिसने हरि इस दो अक्षरों का एक बार उच्चारण किया उसने मोक्ष लाभार्थ जाने के लिए परिकर (फाँड़) बाँधा।

नाम कीर्त्तन में सबसे विशेष गुण यह है कि अभ्यास करने पर अज्ञानपूर्वक भी नामोच्चारणकरने में पाप नाश होता है। इस प्रकार के अनेक पौराणिक इतिहास पाये जाते हैं जो पीछे बताये जायेंगे। अभी कुछ प्रमाण उद्धृत किये जाते हैं।

[१९]ज्ञानतोऽज्ञानतो वापि वासुदेवस्य कीर्त्तनात् ।
तत्सर्वं विलयं याति तोयस्थं लवणं यथा ॥
ब्रह्महा पितृहा गोघ्नो मातृहाऽऽचार्यहाऽघवान् ।
श्वादः पुल्कसको वापि शुद्ध्येरन् यस्य कीर्त्तनात्
संकीर्त्यमानो भगवाननन्तः श्रुतानुभावो व्यसनं हि पुंसाम् ।
प्रविश्य चित्तं विधुनोत्यशेषं यथातमोऽर्कोऽभ्रमिवाति वातः ॥
आपन्नः संसृतिं घोरां यन्नाम विवशो गृणन् ।
कीर्त्तनादेव कृष्णस्य मुक्तसङ्गः परं व्रजेत् ॥
(श्रीमद्भागवत)

और

[२०]किं कीनाश ! पाशधर ! गर्जसि
मामभिगम्य दासभरमर्जसि ।
हरिचरणं शरणं नहि पश्यसि
यन्नामस्मरणादपि नश्यसि ॥ (इत्यादि) ।

१९—जानकर या अनजाने वासुदेव के कीर्त्तन से सभी पाप विलीन हो जाते हैं जैसे जल मे स्थित नमक गल जाता है ।

उनके कीर्त्तन से ब्रह्महा, पितृहा, गोवधी, मातृहा, आचार्यहा, पापी, चाण्डाल अथवा वर्णसंकर भी शुद्ध हो जाता है ।

संकीर्त्तन किये जाने पर कीर्त्तनश्रवण से विह्वल भगवान् अनन्त मनुष्यों के सकल व्यसनों (दुर्वृत्तों) को चित्त में प्रवेशकर हटा देते हैं जैसे सूर्य अन्धकार को एवं तीव्रवायु मेघ को हटा देता है ।

घोर संसार में विपत्ति ग्रस्त एवं विवश होकर जिनके नाम का कीर्त्तन करता हुआ ही संसार से मुक्त होकर परलोक को प्राप्त करता है, वही कृष्ण भगवान् सबके शरण हैं ।

२०—ऐ यमराज ! पाश धारणकरने वाले ! तुम क्या गरजते हो और मेरे पास आकर दासों को बुलाते हो ? इस हरि चरणरूप शरण को नहीं देखते हो ? जिसके नामके स्मरण से ही नष्ट हो जाते हो ।

भगवन्नाम कीर्त्तन में भगवच्छब्द से ब्रह्मा, विष्णु, महेश, दुर्गा, प्रभृति सकल देवताओं का ग्रहण करना चाहिये क्योंकि सकल देव परब्रह्म के ही अंश माने जाते हैं।

अतः साधक को जिन देव में श्रद्धा हो उन्हीं के नाम का कीर्त्तन करें। फल समान ही होगा। इसी कारण किसी ने राम को किसी ने कृष्ण को और किसी ने दुर्गा को अपने इष्टदेव समझ कर नाम संकीर्त्तन करके परम पद पाया है। ऐसे ही देवों के पर्याय ग्रहण करने पर भी वही फल मिलता है।

सब देवों के ऐक्य में प्रमाण

[1] "इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान् एकं सद्विप्रा बहुधा वन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः"।

(ऋग्वेद २।३।३२)

"नारायण एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यं निष्कलङ्को निरञ्जनो निर्विकल्पो निराख्यातः शुद्धो देव एको नारायणो न द्वितीयोऽस्ति कश्चित्"।

(नारायणोपनिषत्)

सर्वाननशिरोग्रीवः सर्वभूतगुहाशयः।
सर्वव्यापी स भगवान् तस्मात्सर्वगतः शिवः" ॥

(श्वेताश्वेतरोपनिषत्)

१—एक ही ईश्वर को कोई इन्द्र, कोई सूर्य कोई वरुण और कोई अग्नि कहते हैं। वह दिव्य पुरुष' एक सत्स्वरूप है किन्तु ब्राह्मणों ने उन्हें बहुतों रूपों में कहा है। यथा वह गरुड, अग्नि, यम, वायु आदि है।

यह सब कुछ वर्तमान, भूत एवं भविष्य नारायण ही है। वह निष्कलङ्क निष्पाप, निर्विकल्प, अवर्णनीय, शुद्ध देव एक ही नारायण है दूसरा कोई नहीं है।

सकल प्राणी के मुख, सिर और गर्दनवाला, सभी प्राणी के अन्तर में सोनेवाला, सर्वव्यापी वह भगवान् है। अतः शिव सबवस्तु में विराजमान है।

[२]"स ब्रह्मा स विष्णुः स रुद्रः स शिवोऽक्षरः परमः स्वराट् स इन्द्रः स कालोऽग्निः स चन्द्रमाः स एव सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यं सनातनं ज्ञात्वा तम्मृत्युमत्येति नान्यः पन्था विमुक्तये"।

(कैवल्योपनिषत)

"आवयोरन्तरं नैव ह्यणुमात्रं विचारत:"।

(शिव पुराण)

"स च परमेश्वरः एकोऽपि स्वोपाधिभूतमायानिष्ठ - सत्त्वरजस्तमोगुण-भेदेन ब्रह्मविष्णुमहेश्वरादिशब्दवाच्यतां भजते"।

(वेदान्तपरि०)

[३]शिव एव हरिः साक्षात् हरिरेव शिवः स्वयम्।
तयोरन्तरकृद्याति नरकान् कोटिकोटिशः॥

(बृहन्नारदीय पुराण १४-२-१४)

२—वह ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, शिव, परम अक्षर, आत्मेश इन्द्र, काल, अग्नि, चन्द्र और भूत भविष्य वर्त्तमान सब कुछ है। उस सनातन को जानकर मृत्यु को जीतता है। मुक्ति के लिये कोई दूसरा मार्ग नहीं है।

विचार करने पर हम दोनों (जीवात्मा) और परमात्मा में अणुमात्र भी अन्तर नहीं है।

वह परमेश्वर एक रहने पर भी अपने उपाधि माया में रहने वाले सत्त्व रजस् और तमोगुण के भेद से ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर आदि शब्द से कहा जाता है।

३—शिव ही साक्षात् हरि है और हरि ही स्वयं शिव है। इन दोनों में भेद करनेवाला कोटि कोटि नरक पाता है।

देवता लोग स्वर्ग गये और रुद्र को पूछा—आप कौन हैं? वे बोले—मैं एक हूँ, अद्वितीय हूँ ऐसा पहले भी था, अब भी हूँ और भविष्य में

"ओं देवा ह वै स्वर्गलोकमायंस्ते रुद्रमपृच्छन् को भवानिति, सोऽब्रवीदहमेकः प्रथममासीद्वर्तामि च भविष्यामि च नान्य कश्चिन्मत्तो व्यतिरिक्तः"।

(शिवोपनिषत्)

"ओं अपश्यं त्वावरोहन्तं दिवितः पृथिवीमयः अपश्यमस्यन्तं नीलग्रीवं शिखण्डिनम्"।

(नीलरुद्रोपनिषत्)

[४]विष्णुरुद्रान्तरं ब्रूयाद्यः श्रीगौर्यन्तरं तथा।
तद्भ्रान्तिकस्य मूर्खस्य वाक्यं शास्त्रविगर्हितम् ॥

(काशी खं॰ पू॰ भा॰ २७ अ॰)

सृष्टिस्थित्यन्तकरिणीं ब्रह्मविष्णुशिवाभिधाम् ।
स संज्ञां याति भगवान् एक एव जनार्दनः ॥

(विष्णु पुराण)

महेश्वर उवाच—

त्रिधा भिन्नो ह्यहं विष्णो ब्रह्मविष्णुहराख्यया।
सर्गरक्षालयगुणैर्निष्कलोऽहं सदा हरे ॥
अहं भवान् अयं चैव रुद्रोऽयं यो भविष्यति।
एकं रूपं न भेदोऽस्ति भेदे च बन्धनं भवेत् ॥

(शिवपुराण ज्ञा॰ सं॰ ४ अ॰)

भी रहूँगा। मुझसे अतिरिक्त कोई नहीं है।

मैंने आपको स्वर्ग से पृथिवी पर उतरते हुए देखा और ऊपर जाते हुए नीलग्रीव और शिखण्डी के रूप में भी देखा।

४—जो विष्णु और रुद्र का भेद कहे तथा श्री और गौरी का भेद कहे, उस भ्रममें पड़े मूर्खका वाक्य शास्त्र से निन्दित है।

अकेले ही भगवान् विष्णु सृष्टि, स्थिति एवं प्रलय करने वाली ब्रह्मा विष्णु और शिव संज्ञाओं को प्राप्त करते हैं।

हे विष्णु मैं ब्रह्मा विष्णु और हर नाम से तीन प्रकार का हूँ। सृष्टि, रक्षा एवं प्रलय के गुणों से मैं सतत निर्लिप्त हूँ। मैं, आप, यह और जो भी रुद्र होगा इनका एक ही रूप है, भेद मानने पर बन्धन होता है।

[5]त्वां च समाश्रिता ये वै मामेव समुपाश्रिताः ।
अन्तरं यश्च जानाति निरये पतति ध्रुवम् ॥

(शिव पुराण ज्ञा० सं० अ०)

आत्ममायां समाविश्य सोऽहं गुणमयीं द्विज ।
सृजन् रक्षन् हरन् विश्वं दध्रे संज्ञा क्रियोचिताम् ॥

(श्रीमद्भागवत ४ स्कं० ७ अ० ४२ श्लोक)

यस्तं वेत्ति स मां वेत्ति योऽनु तं स हि मामनु ।
रुद्रो नारायणश्चैव सत्त्वमेकं द्विधा कृतम् ॥

(महाभारत शा० पा० १४१ अ०)

'[6]आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीत्' 'एकमेवाद्वितीयम्' 'एकं वै इदं विबभूव सर्वम्'। (इत्यादि वेदमन्त्र)

इन सब वचनों का यही सार अंश है कि जितने देवगण हैं सब वस्तुतः एक ही हैं। इनमें से किन्हीं का नाम कीर्तन करना चाहिये। आजकल की कीर्त्तनमण्डली में ऐसा व्यवहार भी देखा जाता है कि गाने में बहुत देवताओं का नाम और कहीं रामनाम तो कहीं कृष्णनाम और किसी जगह दुर्गा नाम कीर्त्तन हो रहा है जो कि उचित भी है।

५—जो तुम्हारे शरण में हैं या मेरे ही शरण में हैं, उनमें जो अन्तर जानता है वह निश्चित नरक जाता है।

अपनी त्रिगुणात्मिका माया में प्रविष्ट होकर सृष्टि, रक्षा एवं हरण करता हुआ मैं ही कार्य के अनुसार संज्ञाओं को धारण करता हूँ।

जो उसे (रुद्र को) जानता है, वह मुझे जानता है और जो उसका अनुगत है, वह मेरा अनुगत है। रुद्र और नारायण एक ही सत्त्व होने से दो भाग मात्र है।

६—'यह आत्मा पहले एक मात्र था'। 'यह एक ही अद्वितीय है'। 'एक ही यह सब कुछ बन गया'।

अब यहाँ प्रश्न उठता है कि नाम कीर्त्तन का कब से प्रचार हुआ ? किसने शुरू किया ? यद्यपि इसका यथार्थ उत्तर यही है कि अनादि काल से यह प्रथा प्रथित हैं ।

तथापि भागवत माहात्म्य में लिखा है जब कुमार द्वारा भागवत सप्ताह वाचन विधि का निरूपण होने लगा तब उस काल में श्रीशुकदेव-जी आगये और परम भक्ति से भगवान् की स्तुति करने लगे । तुरत विष्णु आ गये । विष्णु को आये देखकर शुक, नारद, प्रह्लाद, उद्धव प्रभृति भागवत लोग इकट्ठे होकर भगवन्नाम कीर्त्तन करने लगे जैसे प्रह्लाद ताल बजाने लगे, उद्धव अति चञ्चलता से झाल बजाने लगे, नारद वीणा बजाने लगे, अर्जुन सस्वर गान करने लगे, इन्द्र मृदङ्ग बजाने लगे, कुमार लोग जय जयकार करने लगे और सबके आगे व्यास के सुपुत्र शुक सरस कीर्त्तन करने लगे उनके पीछे से और-और कीर्त्तक मण्डल भक्तगण भी कीर्त्तन करने लगे । जैसे—

प्रह्लादस्तालधारी तरलगतितया चोद्धवः कांस्यधारी
वीणाधारी सुर्रषिः स्वरकुशलतया रागकर्त्ताऽर्जुनोऽभूत् ।
इन्द्रोऽवादीन्मृदङ्गं जयजय-सुकराः कीर्त्तने ते कुमारा
यत्राग्रे भाववक्ता सरसरचनया व्यासपुत्रो बभूव ॥

(पद्मपुराण उ० खं० अ० ६)

वह कीर्त्तन ऐसा भावपूर्ण हुआ कि पार्वती को साथ लेकर वहाँ श्रीशङ्कर भी उपस्थित हो गये सकल देव आनन्द में मग्न हो गये । उसी दिन से नाम-कीर्त्तन का विशेष रूप से प्रचार होने लगा । हरि कीर्त्तकों में प्रथम नाम शुक का है, दूसरी संख्या में नारद हैं ।

१ – नारद

ये केवल कीर्त्तन के ही प्रभाव से सुर्रषि कहलाये और अव्याहत-गमन महान् प्रभाव और अलौकिक तेजस्विता का लाभ कर जीवन्मुक्त हुए । एक

---

७ हे व्याधा ! तुम बहुत वर्षों तक नहीं टिक सकते, क्योंकि तूने क्रौञ्च पक्षीके जोड़े से एक (नर) काम मोहित को मार डाला ।

दिन इन्होंने कृष्ण भगवान् से पूछा कि आप अधिक समय कहाँ रहते हैं। उन्होंने उत्तर दिया कि मैं न तो बैकुण्ठ में और न योगियों के ही हृदय में रहता हूँ। मैं वही रहता हूँ जहाँ मेरा भक्त नाम-गान करता है।

नाहं वसामि वैकुण्ठे योगिनां हृदये न च।
मद्भक्ता यत्र गायन्ति तत्र तिष्ठामि नारद॥

इससे बढ़कर कीर्त्तन का क्या महत्त्व होगा।

२ – वाल्मीकि

अब वाल्मीकि की ओर दृष्टि डालें। ये महात्मा पहले लुटेरा थे दैवयोग से उन्हें सप्तर्षि के मुख से उपदेश सुनने का सौभाग्य हुआ। सप्तर्षि ने कहा कि तुम लुण्टक वृत्ति को छोड़कर रामनाम को रटो। उन्होंने भ्रमात् मरा-मरा उलटा ही नाम जपने पर भी महामुनित्व को प्राप्त किया। एक दिन व्याध से मरे क्रौञ्च को देखकर इनको बड़ी दया आयी, क्योंकि क्रौञ्ची रो रही थी। बाल्मीकि के मुख से यह श्लोक सहसा निकल गया—

मा निषाद प्रतिष्ठात्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्॥

यही श्लोक लौकिक पद्यों का प्रथम पद्य है। इसी के आधार पर महर्षि वाल्मीकि ने रामायण बनायी और आदिकवि की उपाधि पाने का अनन्य महत्त्व पाया।

३—प्रह्लाद

दैत्यराज हिरण्यकशिपु का पुत्र प्रह्लाद बाल्य से ही भगवन्नाम कीर्त्तन में लीन था। पिता की आज्ञा को भी तुच्छ समझ कर नाम जपको कभी भी नहीं छोड़ा। एक दिन हिरण्यकशिपु ने उसको आग की ज्वलित ज्वालामे डालकर मारने का यत्न किया, लेकिन राम नाम के प्रभाव ने आग को भी शीतल बना दिया—

रामनाम - जपतां कुतो भयं सर्वतापशमनैकभेषजम् ।
पश्य तात ! मम गात्रसन्निधौ पावकोऽपि सलिलायतेऽधुना ।।

(श्रीमद्भागवत)

किसी हालत में भी वे नहीं मरे । अन्त में उन्होंने परमपद प्राप्त किया ।

४--शबरी

नीच जाति शबरी को देखें । नाम जप परायणता के कारण लक्ष्मण के साथ श्रीरामजी उसके आश्रम पधारे थे ।

८तौ तमाश्रममासाद्य द्रुमैर्वसुभिरावृतम् ।
सुरम्यमभिवीक्षन्तौ शबरीमभ्युपेयतुः ।।

(वा० रा० आ० का० ४७ स०)

और उसके अखिल पाप को हटाकर उसको पुण्यात्मा बना दिया ।

५--अजामिल

श्रीमद्भागवत के ६ठें स्कन्द में लिखा है कि कान्यकुब्ज देश में परम पापी अजामिल नामक एक ब्राह्मण था । वह जन्म भर चोरी-डकैती, करके ही निर्वाह किया करता था लेकिन मरण समय नारायण नामक पुत्र को सम्बोधित कर 'नारायण' यह शब्द बोल कर प्राण त्याग किया । उसके बाद आये हुए यमदूत को विष्णुदूत ने कहा, यह निष्पाप हो गया है, इसको तुम नहीं ले जा सकते हो ।

अथैनं मापनयत कृताशेषाघनिष्कृतम् ।
यदसौ भगवन्नाम म्रियमाणः समग्रहीत् ।।

यह कहकर विष्णुदूत परम धाम ले गये । जब कि अजामिल ऐसा पापी पुत्रोपचारित नारायण शब्दोच्चारण से मुक्त हुआ तब श्रद्धा• पूर्वक कीर्त्तन करनेवालों के लिये परमपद करतल गत ही है ।

८—वे दोनों राम और लक्ष्मण उस आठ वृक्षों से ढके आश्रम में पहुँच कर सुन्दर उस आश्रम को देखते हुए शबरी के पास पहुँचे ।

म्रियमाणो हरेर्नाम गृणन् पुत्रोपचारितम् ।
अजामिलोऽप्यगाद्धाम किं पुनः श्रद्धया गृणन् ॥

(श्रीमद्भागवत स्कं० ६ अ०)

६--व्याध

एक पापी व्याध था। वह सब दिन जङ्गल जाकर शिकार करता था, पर वह बोलता था कि—

[१]वने चरामो वसु चाहरामो नदीं तरामो न भयं स्मरामः ।
इत्थं वदन्तश्च वने किराता मुक्तिगता रामपदानुषङ्गात् ॥

(पद्म पुराण)

इसमें रामराम घटित रहने के कारण नामोच्चारण - जन्य पुण्य से वह मुक्त हो गया। भगवन्नामोच्चारण का ऐसा ही माहात्म्य है।

७—तुलसीदास

भगवद्भजन के कारण ये अलौकिक प्रतिभासम्पन्न हुए। इनकी रामायण संसार में ख्यात है। इनके विषय में कुछ कहना व्यर्थ है। कौन ऐसा साक्षर होगा जो इनकी प्रतिभा तथा सिद्धि से अपरिचित है।

८—सूरदास

ये भी महात्मा प्रसिद्ध ही हैं। पूर्व ये वेश्यालम्पट थे। ईश्वर की दया जागी,

---

१—वन में विचरण करताहूँ, धन लूटता हूँ, नदी में तैरता हूँ, और भय का स्मरण भी नहीं करता हूँ—ऐसे बोलते हुए किरात गण (वन्य जाति) आनुषङ्गिक रूपसे (अनायास अन्यपद में आगत) 'राम' पदके सम्पर्क से मुक्ति को प्राप्त किया। चरामः हरामः, तरामः और स्मरामः इन चारों पदों में 'राम' यह दो अक्षर अनायास आगत हैं। इन पदों में 'राम' का कुछ भी अर्थ नहीं है। तथापि तदुच्चारण जन्य पुण्य हो ही गया। जब ऐसे 'राम' शब्दका यह प्रभाव है तो जानकर ध्यान पूर्वक नाम लेने का तो कहना ही क्या।

भगवद्‌भजन में रत हो गये। विघ्न के भय से अपनी आँखें भी इन्होंने फोड़ डालीं। अन्त में श्रीकृष्ण की कृपा से आभ्यन्तर और बाह्य दोनों नेत्र हो गये और उन्होंने परमपद पाया।

इसी तरह गुरुनानक, लक्ष्मीनाथ गोस्वामी, रघुबर बाबा प्रभृति कितने महात्माओं ने केवल नाम जप के ही प्रभाव से गौरव के साथ अनिर्वचनीय सुख को पाया।

तस्मात्, कलियुग में सुख साधन का एक ही उपाय है नाम कीर्त्तन करना—

हरेर्नामैव नामैव नामैव मम जीवनम्।
कलौ नास्त्येव नास्त्येव नास्त्येव गतिरन्यथा॥

इति 'विद्यामहासिन्धु' 'महावैयाकरण' पण्डितप्रकाण्ड श्रीदीनबन्धु झा
शर्मात्मजन्मना पं० श्रीजीवनाथझाशर्म्मणा निर्मितो
भगवन्नामकीर्त्तन-महिमा सम्पूर्णतामगात्॥
शिवं भूयात्।

[10]यन्नामकीर्त्तिमपरा जगदर्णवस्य
पारंगताः प्रचुरकिल्विषशालिनोऽपि।
योऽपास्ततर्षहृदयैरपि कीर्त्तनीय-
स्तन्नामकीर्त्तनमतिर्हृदये चकास्तु॥
ऊर्जाऽसिते पक्षेऽम्बिकातिथ्यां बृहस्पतिवासरे
नवपञ्चवसुरजनीशलक्षितशाक· शुभसंवत्सरे।

